अमर उजाला 16/09/2025

# विद्यार्थियों को परीक्षा के नियमों की दी जानकारी



ओरिएंटेशन कार्यक्रम में संबोधित करते वक्ता। कॉलेज

**अंबाला।** गांधी मेमोरियल नेशनल कॉलेज में एमबीए एवं एमसीए प्रथम वर्ष के नवप्रवेशित विद्यार्थियों के लिए ओरिएंटेशन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। नवप्रवेशी छात्रों को जोड़ने के लिए कमलप्रीत कौर ने विभिन्न संवादात्मक गतिविधियों का आयोजन किया, जिससे विद्यार्थियों में टीम भावना का संचार हुआ। डॉ. कुंडू ने विद्यार्थियों को परीक्षा के नियमों और विनियमों की जानकारी दी, वहीं डॉ. ज्योति सोरौत ने एनईपी नीति पर चर्चा की। डॉ. उपिंद्र कौर ने बच्चों को ईआरपी प्लेटफार्म के बारे में समझाया। इस दौरान सीड कीपर्स नामक वृत्तचित्र का प्रदर्शन और डाउन टू अर्थ की वीडियो प्रस्तुति की गई। प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त ने कार्यक्रम की सराहना की। संवाद